दिन– शनिवार | दिनांक– 20 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.57 बजे से। | अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से किया आह्वान – दो हजार सैंतालीस तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आत्मनिर्भरता सबसे जरूरी।

02. महागठबंधन में नहीं सुलझ रहा है सीट शेयरिंग का पेंच। घटक दलों के बीच बातचीत जारी। भाजपा ने कहा – एनडीए एकजुट, सीट शेयरिंग पर भी सहमति।

03. पटना में जल्द शुरू होगी वाटर मेट्रो सेवा। राज्य सरकार और भारतीय अंतरर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के बीच समझौता पत्र पर हुआ हस्ताक्षर।

04. और, मोक्ष की धरती गयाजी में पितृपक्ष मेले का कल होगा समापन। देश–विदेश से बड़ी संख्या में जुटे हैं श्रद्धालु। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज गयाजी में किया पितरों को पिंडदान।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से आत्मनिर्भरता का आह्वान करते हुए कहा कि विदेशों पर भारत की निर्भरता उसके सबसे बड़े दुश्मनों में से एक है। श्री मोदी ने गुजरात के भावनगर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि भारत दुनिया के सामने एक आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में खड़ा हो। तभी दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत का सपना साकार होगा।

–––बाइट–––

भारत आज विश्व बंधु की भावना से आगे बढ़ रहा है। दूसरे देशों पर हमारी निर्भरता यही हमारा सबसे बड़ा दुश्मन है और हमें मिलकर भारत के इस दुश्मन को निर्भरता वाले दुश्मन को हराना ही होगा। दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले देश को आत्मनिर्भर बनना ही होगा!

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा है कि महागठबंधन के घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग को लेकर खींच–तान मची है। श्री प्रसाद ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि एनडीए पूरी एकजुटता के साथ चुनाव के लिए तैयार है।

–––बाइट–––

---

बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा है कि महागठबंधन के घटक दलों के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर चर्चा जारी है। नई दिल्ली में कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी के भीतर भी सीट शेयरिंग पर विचार–विमर्श किया गया है।

———बाइट———

———————————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव की बिहार अधिकार यात्रा आज समस्तीपुर पहुंची। श्री यादव ने सरायरंजन और मोरबा में भी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने एनडीए सरकार पर भ्रष्टाचार को पोषित करने का आरोप लगाया है। श्री यादव ने कहा कि महागठबंधन की सरकार बनी तो भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों को शरण देने वाले दोनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

———बाइट———

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव ने तेजस्वी प्रसाद यादव की यात्रा को फ्लॉप यात्रा बताया है। श्री यादव ने बेगूसराय में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि राजद की यह यात्रा घुसपैठियों को बचाने का प्रयास है।

———बाइट———

———————————————————————————

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव लगातार संवैधानिक संस्था का अपमान कर रहे हैं।

———बाइट———

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस संबोधन में, देश में कर–व्यवस्था में सुधार की घोषणा की थी ताकि आम जनता पर से आर्थिक बोझ कम हो। नई दरें आगामी सोमवार से लागू हो रही हैं। आज इस क्रम में हम इलेक्ट्रॉनिक उपकरण क्षेत्र पर जीएसटी सुधार के प्रभावों की चर्चा कर रहे हैं।

———रिपोर्ट———

सरकार ने घरेलू इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं पर जीएसटी दरों में कटौती करके इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को बड़ी राहत दी है। बिजली यंत्रों पर कर की दर 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दी गई है। कम्पोस्टिंग मशीनों पर कर की दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। टू–वे रेडियो प्रणाली पर कर की दर भी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कंप्यूटर सॉफ्टवेयर निर्यात संवर्धन परिषद के अध्यक्ष संदीप नरूला ने कहा कि कर कटौती के फायदे होंगे और देश में घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स की बिक्री में वृद्धि होगी। बिक्रीकरण बढ़ेगा और हमारी कंपनीज जो एक्सपोर्ट करती है, उनको भी बहुत लाभ होगा, क्योंकि डोमेस्टिक मार्केट में जब वोल्यूम बढ़ेगा, तो क्वांटिटी बढ़ेगी, तो एक्सपोर्ट में हमारी कॉम्पिटीटिवनेस बढ़ती है और हम एक बड़े डिफाइन प्राइज मैकेनिज्म से प्राइज को कोट कर पाएंगे एक्सपोर्ट्स पर। साथ–साथ ही कम्प्लाइंस की भी एडवांटेज रहेगी। अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के तहत इस युक्तिकरण से इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं की पहुंच और सामर्थ्य में वृद्धि होने और घरेलू उत्पादकों के लिए बाज़ार का आकार बढ़ने की उम्मीद है। अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

---

पटना में जल्द ही वाटर मेट्रो की शुरूआत की जाएगी। राज्य सरकार ने भारतीय अंतरर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के साथ वाटर मेट्रो सेवा को लेकर एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किये हैं। पर्यटन मंत्री राजू सिंह ने बताया कि पटना में पर्यटन और जलवायु अनुकूल शहरी जल परिवहन प्रणाली का विकास किया जा रहा है। उहोंने कहा कि इसके लिए गुजरात के भाव नगर में आयोजित समारोह के दौरान पर्यटन विभाग और भारतीय अंतरर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों ने नौ सौ आठ करोड़ रुपये की लागत वाली वाटर मेट्रो परियोजना के विकास के लिए समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किये हैं। वाटर मेट्रो का संचालन पटना में गंगा नदी में दीघा घाट से कंगन घाट तक किया जाएगा।

---

जीएसटी दरों में कटौती का लाभ बाईस सितम्बर से मिलने लगेगा। अमूल ने अपने सात सौ से ज्यादा उत्पादों की कीमतों में कटौती की घोषणा की है। इसके तहत घी, मक्खन, चीज, आईसक्रीम और अन्य दुध उत्पाद सस्ते होंगे। यह कदम नये जीएसटी स्लैब में हुए बदलाव के बाद उठाया गया है। विभिन्न उत्पादों की कीमत में दो रुपये से तीस रुपये तक की कटौती की गयी है। एक लीटर घी अब चालीस रुपये सस्ता मिलेगा। जीएसटी दर में कमी को देखते हुए आईआरसीटीसी ने एक लीटर के रेल नीर वाटर की कीमत पंद्रह रुपये से घटाकर चौदह रुपये कर दी है।

---

मोक्ष की धरती गयाजी में पितृपक्ष मेले का कल समापन होगा। इस बीच, देश–विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने पूर्वजों और दिवंगत आत्माओं की स्मृति में पिंडदान और तर्पण के लिए गयाजी पहुंच रहे हैं। अनुमान के अनुसार कल अंतिम दिन रिकॉर्ड संख्या में पिंडदानी विभिन्न वेदियों पर अपने पितरों के तर्पण के लिए जुटेंगे।

इधर, आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने तीर्थनगरी गयाजी पहुँकर पितरों की मोक्ष प्राप्ति के लिए पिंडदान किया। राष्ट्रपति ने विष्णुपद मंदिर परिसर स्थित तीन प्रमुख पिंडवेदियों पर पिंडदान किया। श्रीमती मुर्मु ने गर्भगृह में भगवान विष्णु की चरण की पूजा अर्चना की और सर्वकल्याण की प्रार्थना की। इस अवसर पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये थे। इससे पहले, आज सुबह गयाजी हवाई अड्डे पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी समेत अन्य गणमान्य लोगों ने राष्ट्रपति का स्वागत किया।

---

सेवा और सुशासन से प्रेरित होकर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला – सेवा पर्व मे हम आपके लिए लेकर आ रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार ने वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य प्रणाली को मज़बूत किया है और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा की पहुंच लोगों तक सुनिश्चित की है।

———रिपोर्ट———

पिछले 11 वर्षों में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में व्यापक परिवर्तन आया है। 2018 में, नरेन्द्र मोदी सरकार ने आयुष्मान भारत – प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शुरू की, जो दुनिया का सबसे बड़ा स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम रहा। यह योजना प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य कवर प्रदान करती है। भारत की 40 प्रतिशत गरीब आबादी को लक्षित करते हुए, यह योजना 12 करोड़ से अधिक परिवारों को कवर करती है और लगभग 55 करोड़ व्यक्तियों को लाभान्वित करती है। पिछले वर्ष 29 अक्टूबर को नई दिल्ली में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आयुष्मान वय वंदना योजना के दायरे में 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी बुजुर्गों को शामिल करने के लिए आयुष्मान भारत – प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के विस्तार की घोषणा की। सरकार का प्रयास है कि देश के हर बुजुर्ग जिनकी आयु 70 वर्ष के ऊपर है उनको जल्द से जल्द आयुष्मान वय वंदना कार्ड मिले और यह ऐसी योजना है जिसमें आय की कोई पाबंदी नहीं। लाभार्थी ईशान श्रीवास्तव ने आयुष्मान भारत योजना की सराहना करते हुए कहा कि इससे उनके परिवार के सदस्यों का कम खर्च में सही इलाज कराने में मदद मिली। इस कार्ड से जैसा कि हमारा पेसमेकर लगा है तो 83,280 का इस कार्ड से पेमेंट हुआ, अप्रुवल होकर। कार्ड नहीं होता तो हमारी स्थिति नहीं थी कि हम इनका पेसमेकर करवा पाते। यह योजना 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों के लिए आसान और सुलभ स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करती है। आनंद कुमार की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से फरहत नाज़।

---

सेवा पर्व के तहत पटना समेत प्रदेश में विभिन्न सिनेमा घरों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित फिल्म चलो जीते हैं का प्रदर्शन किया जा रहा है। पटना के पी एंड एम मॉल स्थित मल्टीप्लेक्स में आयोजित शो के दौरान एनडीए के वरिष्ठ नेताओं समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने फिल्म देखी। भाजपा विधायक संजीव चौरसिया ने कहा कि यह फिल्म काफी प्रेरणादायक है।

———बाइट———

वहीं, आम लोगों ने भी इस फिल्म को काफी सराहा है। एक दर्शक इंदु पाठक ने कहा कि यह फिल्म हमें सेवाभाव सिखाती है।

---

मानसून की ट्रफ रेखा प्रदेश के दक्षिण–पूर्वी भागों से गुजर रही है, जिसके कारण राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकतर भागों में मध्यम से भारी बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों में रघुनाथपुर में सबसे अधिक बेरानवे दशमलव छह मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान अररिया, पूर्णिया और भोजपुर जिले में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना है।

–––बाइट–––

---

विभिन्न नदियों के जलग्रहण क्षेत्र में बारिश से जलस्तर में बढ़ोतरी हुई है और तटबंधों पर दवाब बढ़ गया है। हमारे सुपौल संवाददाता ने बताया है कि भीमनगर कोसी बराज से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। प्रशासन अलर्ट है।

–––रिपोर्ट–––

---

न्यायमूर्ति पी.बी. बजनथरी को पटना उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। केंद्रीय कानून और न्याय मंत्रालय ने इस संबंध में आज अधिसूचना जारी की है। न्यायमूर्ति बजनथरी पटना हाईकोर्ट के छियालीसवे मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्यभार संभालेंगे। श्री बजनथरी अभी तक पटना हाईकोर्ट के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्य कर रहे थे।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से किया आह्वान – दो हजार सैंतालीस तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आत्मनिर्भरता सबसे जरूरी।

02. महागठबंधन में नहीं सुलझ रहा है सीट शेयरिंग का पेंच। घटक दलों के बीच बातचीत जारी। भाजपा ने कहा – एनडीए एकजुट, सीट शेयरिंग पर भी सहमति।

03. पटना में जल्द शुरू होगी वाटर मेट्रो सेवा। राज्य सरकार और भारतीय अंतरर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के बीच समझौता पत्र पर हुआ हस्ताक्षर।

04. और, मोक्ष की धरती गयाजी में पितृपक्ष मेले का कल होगा समापन। देश–विदेश से बड़ी संख्या में जुटे हैं श्रद्धालु। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज गयाजी में किया पितरों को पिंडदान।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।